बिहार सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

पत्रांक– 01/स्था०(मु०) 05–01/2023.................................सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–...

प्रेषक,

कामेश्वर मिश्रा
सरकार के उप सचिव,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– **सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता की नियुक्ति विभागीय अधिसूचना संख्या–206– सह–पठित ज्ञापांक–898, दिनांक–18.03.2025 के द्वारा किया गया।

उक्त अधिसूचना के आलोक में सुश्री ऋचा रानी से प्राप्त योगदान को विभागीय अधिसूचना संख्या–453– सह– पठित ज्ञापांक–2352, दिनांक–17.07.25 के द्वारा विभाग में दिये गये योगदान की तिथि से उनका योगदान स्वीकृत किया गया।

सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त सुश्री ऋचा रानी को विभागीय अधिसूचना संख्या–468–सह–पठित ज्ञापांक–2437, दिनांक–30.07.2025 के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के पद पर अपने वेतनमान (वेतन स्तर–09) में पदस्थापित किया गया। तदनुसार सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता की सेवा विनियमन हेतु विवरणी इस प्रकार हैः–

क्रं. सं.	पदाधिकारी का नाम	विभाग में योगदान की तिथि	पदस्थापन स्थान	प्रभार ग्रहण की तिथि	पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि
1	2	3	4	5	6
1	सुश्री ऋचा रानी	02.04.2025 (पूर्वाह्न)	मुख्यालय, पटना	30.07.2025 (अप०)	02.04.2025 से 30.07.2025 तक कुल– 120 दिन

इस प्रकार सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता द्वारा प्रभार ग्रहण किया गया। सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के पदस्थापन में प्रक्रियात्मक विलंब हुआ है, जिसमें इनका कोई दोष नहीं है।

अतः उपरोक्त पर अंकित सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता के पदस्थापन की प्रतीक्षा में उनके नाम के सम्मुख कॉलम–6 में अंकित अवधि को विनियमित किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह०/–
(कामेश्वर मिश्रा)
सरकार के उप सचिव,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–...सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–...

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, वीरचन्द, पटेल पथ, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(कामेश्वर मिश्रा)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–..सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–..

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

(कामेश्वर मिश्रा)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–..........422..........सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–..........09/03/26..........

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के प्रधान आप्त सचिव/संयुक्त निदेशक (लेखा/बजट)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/उप सचिव (लेखा)/ सुश्री ऋचा रानी, सहायक इलेक्ट्रॉनिक अभियंता, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/02/26

(कामेश्वर मिश्रा)

सरकार के उप सचिव।

53

6 प्रति